भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Wednesday, 26 September 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा धानक्या, जयपुर में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने धानक्या में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की स्मृति में भव्य 'दीनदयाल स्मारक' का लोकार्पण किया। धानक्या में ही दीनदयाल जी का बचपन बीता था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया और रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल का पार्टी की ओर से हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने दीनदयाल जी का भव्य स्मारक बना कर इसे यात्राधाम बनाने का सार्थक प्रयास किया है

****

राहुल गाँधी, दिन में स्वप्न देखना बंद कर दीजिये, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पाँचों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय होने वाली है और 2019 में भी प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है

****

पार्टी का वर्तमान वैभव पांच-पांच पीढ़ियों तक हमारे मनीषी पुरुखों के अथक परिश्रम का परिणाम है। ऐसे में यह हमारा दायित्व बनता है कि हम ऐसी विजय प्राप्त करें कि अगली पांच पीढ़ियों तक पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भारतीय जनता पार्टी को निरंतर जनता की सेवा करने का मौक़ा मिले

****

राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ता एक बार भाजपा, एक बार कांग्रेस का खेल बंद कर हर बूथ को इस तरह से मजबूत करें कि अगले 50 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार को राजस्थान की जनता का सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हो

****

भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता हृदय में कमल का निशान और भारत माता की तस्वीर को रखते हुए आज यह संकल्प लेकर जाएँ कि देश को आगे बढ़ाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा को रुकने नहीं देना है

****

राहुल गाँधी ने हाल ही में राजस्थान में कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। गलती से ही सही, लेकिन राहुल गाँधी के मुंह से सच निकल ही गया

****

यह वह राजस्थान है जहां हमारे मनीषी श्री सुंदर सिंह भंडारी जी ने अपने जीवन का क्षण-क्षण समर्पित कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया है, राजस्थान में भाजपा सरकार अंगद का पाँव है जिसे कोई हिला नहीं सकता

****

मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार 13वें वित्त आयोग के 1,09,244 करोड़ रुपये की तुलना में 2,63,580 करोड़ रुपये आवंटित किये। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय योजनाओं में अलग से लगभग 36,900 करोड़ रुपये की राशि दी गई

****

राहुल गाँधी, राजस्थान में वोट मांगने से पहले तनिक यह तो तय कर लीजिये कि आप राज्य में किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस में तो नेतृत्व को लेकर सिर-फुटव्वल चल रहा है

****

कांग्रेस के नेतृत्व में न तो देश सलामत है और न ही राजस्थान। हम पूरे देश में भारत के मतदाताओं की सूची बनाने के लिए कटिबद्ध हैं ताकि अवैध घुसपैठियों की पहचान कर के उन्हें मतदाता सूची से हटाया जा सके

****

अवैध घुसपैठिये कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी के लिए वोटबैंक होंगे लेकिन हमारे लिए देश की सुरक्षा का सवाल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है

****

जब देश के जांबाज दुश्मन के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके हमारे जवानों की शहादत का बदला लेते हैं तो कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गाँधी इसे 'खून की दलाली' कहते हैं। अरे राहुल गाँधी जी, आपको मालूम है कि शहीद जवानों के परिवारों की क्या स्थिति होती है

****

मोदी सरकार ने फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुने से भी अधिक बढ़ाने का निर्णय लिया जो यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार देश के किसानों के विकास के प्रति कितनी कटिबद्ध है

****

प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लागू किया है जिससे देश के करोड़ों गरीब लोगों को फायदा पहुंचेगा

****

मैं मुख्यमंत्री श्री वसुंधरा राजे सिंधिया और रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का पार्टी की ओर से हार्दिक धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने धानक्या में दीनदयाल जी का भव्य स्मारक बना कर इसे यात्राधाम बनाने का सार्थक प्रयास किया है

****

2014 के लोक सभा चुनाव और उसके बाद देश में हुए लगभग सभी राज्यों के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है और कांग्रेस पार्टी की हार हुई है। इन पाँचों राज्यों के विधान सभा चुनाव में भी कांग्रेस की घोर पराजय निश्चित है। आज ऐसी स्थिति हो गई है कि कांग्रेस को दूरबीन से खोजना पड़ रहा है

****

राजस्थान में भाजपा की वसुंधरा सरकार ने हर छोटे किसान का 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ़ करने का काम किया है। इतना ही नहीं, सरकार ने अन्नपूर्णा योजना के तहत गरीबों को सिर्फ 5 रुपये में सुबह का नाश्ता और केवल 13 रुपये में भोजन की भी व्यवस्था की है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज धानक्या, जयपुर में आयोजित जयपुर संभाग के चार जिलों जयपुर शहर, जयपुर देहात, दौसा और अलवर की 35 विधानसभाओं के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले उन्होंने धानक्या में ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की स्मृति में भव्य 'दीनदयाल स्मारक' का लोकार्पण किया। ज्ञात हो कि धानक्या में ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का बचपन बीता था। उन्होंने कहा कि **मैं मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया और रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का पार्टी की ओर से हार्दिक धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने धानक्या में दीनदयाल जी का भव्य स्मारक बना कर इसे यात्राधाम बनाने का सार्थक प्रयास किया है।**

श्री शाह ने कहा कि आज के सम्मेलन के साथ बीकानेर छोड़ कर राजस्थान के सभी शक्ति केन्द्रों एवं बूथ अध्यक्षों से मुलाक़ात का महती कार्य समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के विधान सभा चुनाव एवं लोक सभा चुनाव आने वाले हैं और एक बार फिर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार और राजस्थान में भाजपा की वसुंधरा सरकार पूर्ण बहुमत से बनने वाली है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पार्टी के कार्यकर्ताओं का चुनाव है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी ने हाल ही में राजस्थान में कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। गलती से ही सही, लेकिन राहुल गाँधी के मुंह से सच निकल ही गया।** राहुल गाँधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि आपको स्वप्न देखने का अधिकार है लेकिन आप एक बार इतिहास पर भी नजर डाल **लें। 2014 के लोक सभा चुनाव और उसके बाद देश में हुए लगभग सभी राज्यों के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है और कांग्रेस पार्टी की हार हुई है। इन पाँचों राज्यों के विधान सभा चुनाव में भी कांग्रेस की घोर पराजय निश्चित है।** उन्होंने कहा कि **आज ऐसी स्थिति हो गई है कि कांग्रेस को दूरबीन से खोजना पड़ रहा है।** उन्होंने कहा कि **यह वह राजस्थान है जहां हमारे मनीषी श्री सुंदर सिंह भंडारी जी ने अपने जीवन का क्षण-क्षण समर्पित कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया है, राजस्थान में भाजपा सरकार अंगद का पाँव है जिसे कोई हिला नहीं सकता।** उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी, दिन में स्वप्न देखना बंद कर दीजिये, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पाँचों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय होने वाली है और 2019 में भी प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है।**

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी हमसे पूछते हैं कि मोदी सरकार ने चार वर्षों में क्या किया लेकिन देश की जनता राहुल गाँधी से कांग्रेस की चार पीढ़ियों के शासनकाल का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमसे हिसाब मांगने की स्थिति में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि **13वें वित्त आयोग के दौरान कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन-राहुल सरकार ने राजस्थान को केवल 109244 करोड़ रुपये दिए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में 263580 करोड़ रुपये का आवंटन किया है।** उन्होंने कहा कि **इसके अतिरिक्त केन्द्रीय योजनाओं में राजस्थान को केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से लगभग 36,900 करोड़ रुपये की राशि दी गई।** उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुद्रा बैंक योजना में 46 लाख लाभार्थियों को लगभग 30449 करोड़, चार स्मार्ट सिटी के लिए 771 करोड़, अजमेर सिटी के लिए 40 करोड़, अमृत योजना में 1612 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के लिए 409 करोड़, अर्बन ट्रांसपोर्टेशन के लिए 61 करोड़, एकलव्य योजना के लिए 2433 करोड़, मृदा कार्ड के लिए 457 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 220 करोड़, बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट के लिए 40 करोड़ और और उज्जवल डिस्कॉम से लगभग 21,000 करोड़ रुपये राजस्थान को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने राजस्थान की जनता को उनका अधिकार देने का काम किया है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान की जनता के साथ अन्याय किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल गाँधी को चुनौती देते हुए कहा कि **राहुल गाँधी, राजस्थान में वोट मांगने से पहले तनिक यह तो तय कर लीजिये कि आप राज्य में किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राजस्थान कांग्रेस में तो नेतृत्व को लेकर सिर-फुटव्वल चल रहा है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस के नेतृत्व में न तो देश सलामत है और न ही राजस्थान।** एनआरसी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि **हम पूरे देश में भारत के मतदाताओं की सूची बनाने के लिए कटिबद्ध हैं ताकि अवैध घुसपैठियों की पहचान कर के उन्हें मतदाता सूची से हटाया जा सके।** असम में हमने जैसे ही एनआरसी बनाने की शुरुआत की, कांग्रेस एंड कंपनी अवैध घुसपैठियों के पक्ष में खड़ी हो गई, घुसपैठियों के मानवाधिकार की बात करने लगी। श्री शाह ने कहा कि **अवैध घुसपैठिये कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी के लिए वोटबैंक होंगे लेकिन हमारे लिए देश की सुरक्षा का सवाल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।** उन्होंने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए पूछा कि जब घुसपैठिये बम धमाके करते हैं तो उसमें शहीद हुए परिवारों के लोगों का मानवाधिकार नहीं होता है क्या? जब अवैध घुसपैठिये

देश के नागरिकों का रोजगार छीनते हैं, गरीबों की रोटी छीनते हैं तो हमारे नागरिकों का मानवाधिकार नहीं क्या? उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगियों को वोट बैंक की राजनीति करनी है तो करे लेकिन भारतीय जनता पार्टी का संकल्प देश भर से अवैध घुसपैठियों को चिह्नित कर मतदाता सूची से बाहर करना है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **जब देश के जांबाज दुश्मन के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके हमारे जवानों की शहादत का बदला लेते हैं तो कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गाँधी इसे 'खून की दलाली' कहते हैं। अरे राहुल गाँधी जी, आपको मालूम है कि शहीद जवानों के परिवारों की क्या स्थिति होती है?** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर के देश के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया है, अमेरिका और इजरायल के बाद भारत तीसरा ऐसा देश बना है जिसने दुश्मन के घर में जाकर आतंकियों पर सर्जिकल स्ट्राइक की।**

श्री शाह ने कहा कि देश में लगभग 55 सालों तक कांग्रेस पार्टी का शासन रहा लेकिन क्या कारण है कि देश की 60% आबादी के पास अपना बैंक अकाउंट तक नहीं था, गैस के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ता था, शौचालय के लिए बाहर जाने को विवश होना पड़ता था लेकिन मोदी सरकार ने साढ़े पांच वर्षों में ही 30 करोड़ से अधिक लोगों के जन-धन एकाउंट खोले, लगभग साढ़े पांच करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर दिये गए, लगभग 7।5 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया है, दो करोड़ घरों का निर्माण किया गया, 17000 से अधिक गाँवों में बिजली पहुंचाई गई, लगभग 2 करोड़ से अधिक घरों में बिजली पहुंचाई गई, 17 करोड़ से अधिक गरीब बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया और लगभग 12 करोड़ लोगों को मुद्रा बैंक योजना से स्वरोजगार प्रदान करने हेतु आसान ऋण उपलब्ध कराये गए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश के किसान आजादी के बाद से ही अपने फसल के उचित मूल्य की मांग कर रहे थे, न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में फसल के लागत मूल्य का डेढ़ गुना मूल्य के निर्धारण की मांग कर रहे थे लेकिन पिछली कांग्रेस सरकारों ने इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किये। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुने से भी अधिक बढ़ाने का निर्णय लिया जो यह सिद्ध करता है कि मोदी सरकार देश के किसानों के विकास के प्रति कितनी कटिबद्ध है।**

श्री शाह ने कहा किकांग्रेस को कभी मानवीय संवेदनाओं की चिंता ही नहीं रही। 'आयुष्मान भारत' योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री जी ने गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लागू किया है जिससे देश के करोड़ों गरीब लोगों को फायदा पहुंचेगा।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने वसुंधरा सरकार की लोकप्रिय भामाशाह योजना को आगे पहुंचाते हुए गरीब को और अधिक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान में **भारतीय जनता पार्टी की वसुंधरा सरकार ने हर छोटे किसान का 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ़ करने का काम किया है।** उन्होंने कहा कि **इतना ही नहीं, राजस्थान सरकार ने अन्नपूर्णा योजना के तहत गरीबों को सिर्फ 5 रुपये में सुबह का नाश्ता और केवल 13 रुपये में भोजन की भी व्यवस्था की है।** उन्होंने कहा कि राजस्थान में वसुंधरा सरकार ने हजारों गाँवों को सड़कों से जोड़ने और हाइवे को उन्नत करने का काम किया है। इसके अतिरिक्त वसुंधरा सरकार ने कई ऐसे काम किये हैं जो लोक-कल्याणकारी हैं। **चूंकि कांग्रेस पार्टी के पास कोई काम नहीं है, इसलिए वह अनर्गल आरोपों का प्रलाप कर रही है।**

श्री शाह ने कहा कि 10 सदस्यों के साथ जन संघ के रूप में शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी आज 11 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हमारे पास 1700 से अधिक विधायक हैं, 19 राज्य सरकारें हैं, 330 से अधिक सांसद हैं, केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार है और देश के 70% भू-भाग पर भाजपा सरकारें जनता की सेवा में अहर्निश लगी हुई है। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी का यह वैभव पांच-पांच पीढ़ियों तक हमारे मनीषी पुरखों के अथक परिश्रम का परिणाम**

है। ऐसे में यह हमारा दायित्व बनता है कि हम आने वाले पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव और 2019 के लोक सभा चुनाव में इस तरह से विजय प्राप्त करें कि अगली पांच पीढ़ियों तक पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक पार्टी को निरंतर जनता की सेवा करने का मौक़ा मिले। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता हृदय में कमल का निशान और भारत माता की तस्वीर को रखते हुए आज यह संकल्प लेकर जाएँ कि देश को आगे बढ़ाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास यात्रा को रुकने नहीं देना है।** उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि **राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ता एक बार भाजपा, एक बार कांग्रेस का खेल बंद कर हर बूथ को इस तरह से मजबूत करें कि अगले 50 वर्षों तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार को राजस्थान की जनता का सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हो।**